पत्रिका {सिटीजन & कनेक्ट}
CITYZEN CONNECT

सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग का समापन

समापन समारोह में प्रतिभागी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. लघु उद्योग भारती और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मे सॉफ्ट स्किल और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग का शनिवार को समापन हुआ। ट्रेनिंग की मास्टर ट्रेनर डॉ वन्दना गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह के अतिथि के रूप में भारती के जोधपुर प्रान्त संयुक्त महासचिव सुरेशकुमार विश्नोई ने प्रशिक्षणर्थियों को अपने सफल उद्यमी जीवन की उपलब्धियों व अनुभव को साझा करते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रान्त सचिव बिन्दू जैन ने कहा कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करके बेरोजगारी की समस्या का निवारण कर देश में उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है। समापन समारोह में लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष महावीर चौपडा सहित अनेक उद्यमी मौजूद थे।